संसारी समस्याहारी: शृंखला

सीज़न 1: एकता की ताकत

कथानक

gpstheseries.com

एपिसोड 1.1
टीम

माया

किसी भी अन्य काम की तरह, दुनिया की समस्याओं का हल करने के लिए, एक विशेष प्रकार के इंसान की ज़रूरत होती है। सबसे बड़ी चुनौतियों को आड़े हाथों लेने वाला। नयी खोज करने में माहिर। पूरी दुनिया का भला सोचने वाला। जिसकी सोच हो निराली। मेरी विशेषज्ञता टीम बनाने में है। लेकिन क्या मैं इन सूपर युवाओं को एक साथ काम करवा सकती हूँ? मुझे पता है, अंबा। सोचना बंद और फोन मिलाना शुरू। एयरशिप, उस लड़की को फोन लगाओ जो रेगिस्तान में खंबे पर चढ़ रही है – वो गॉगल्स वाली।

शीर्षक: पूर्वी रेगिस्तान, जॉर्डन
शीर्षक: बेला - डिजिटल कौशल।

बेला

क्या बात है! अब यह पूरा गाँव इंटरनेट से जुड़ गया। अब यहाँ सब पूरी दुनिया का पता लगा सकते हैं, और बेझिझक वीडियो गेम्स भी खेल सकते हैं! हेल्लो? आप उस चीज़ से फोन कर रहे हो?

शीर्षक: एड्रियन। रचनात्मकता।
शीर्षक: पैरिस, फ़्रांस

एड्रियन

मैडम, इस यंत्र को अपने जी.पी.एस से जोड़िए। यह आपको बताएगा कि सभी खाली पार्किंग की जगहें कहाँ हैं। हैं? कोई बात नहीं। हाँ? अच्छा, अभी ऊपर आकर हेल्लो बोलता हूँ!

शीर्षक: सातोशी। तर्क वाली सोच।
शीर्षक: टोक्यो, जापान

सातोशी

यह भोजनशाला ज़रूरतमंद बच्चों को खाना दिलाती है। लेकिन इसमे खाना कम पड़ गया है। यह देखो! मैंने उनके रेफ्रिजरेटर को इंटरनेट से जोड़ दिया, और अब यह सीधे इंटरनेट से डिलीवरी करवा लेगा। मुझे लगता है कि इन बच्चों को सब्ज़ियाँ बहुत पसंद हैं। जल्दी करो। मुझे ऊपर मीटिंग में जाना है ।

शीर्षक: केलील। सामाजिक जागरूकता।

शीर्षक: मजेत आरक्षित वन, मलावी

केलील

यह ड्रोन चोर-शिकारियों का वीडियो लेकर, उसे इस वन, और पूरी अफ्रीका के वनों के पहरेदारों को भेज देता है। दोस्तों, तैयार हो अपनी तस्वीर के लिए? हैलो? बढ़िया, मैं बस कुछ बादलों की दूरी पर हूँ। अभी पहुँचा!

शीर्षक: रियो ब्रांको, ब्राज़ील

शीर्षक: क्रिसटीना। व्यावसायिक भावना।

क्रिसटीना

आपको पता है? लोकल संगीत ग्राहकों को आकर्षित करता है। मैंने आपके लिए इस पूरे महीने के गायक और बैंड तय कर लिए हैं, और अब पूरी सोशल मीडिया में इसकी चर्चा हो रही है! बिल्कुल, मैं अभी आई! किसी को आइस क्रीम चाहिए?

शीर्षक: माया। टीमवर्क की क्षमता।

माया

मेरा नाम माया है। आप सभी को मैने यहाँ बुलाया है। हम दुनिया की कई बड़ी समस्याओं का हल करने जा रहे हैं। चुनौती के लिए तैयार?

शीर्षक: जारी रहेगा...

एपिसोड 1.2
चुनौती

माया

मैं हूँ माया। मैंने इन खास युवाओं को इकट्ठा किया है - एड्रियन, बेला, केलील, क्रिस्टीना और सातोशी। हम हैं संसारी समस्याहारी! विश्व में इतने सारे संकटों का हल करने के लिए रचनात्मकता और एक साथ काम करने की आवश्यकता होती है।

शीर्षक: मलावी, अफ़्रीका

केलील

बिल्कुल, जैसे की मेरे देश, मलावी, अफ़्रीका में। मलावी में दो लाख लोगों को साफ़ पीने का पानी नहीं मिलता है। इसके कारण, हर साल तीन हज़ार बच्चों की मौत होती है। और आजकल, गाँव की काफ़ी लड़कियों ने स्कूल जाना छोड़ दिया है। पता नही क्यों..

बेला

क्या तुम्हें लगता है कि इस सब के बीच कोई संबंध है?

माया

यह हमारी पहली चुनौती है! संसारी समस्याहारी- चलो चलें!

शीर्षक: एड्रियन, बेला, केलील, क्रिस्टीना और सातोशी।
शीर्षक: संसारी समस्याहारी एपिसोड 1.2: चुनौती
शीर्षक: मलावी का एक गाँव

गाँव के बुज़ुर्ग

एक टेक्नीशियन हमारे कुएँ के रख रखाव के लिए आया करता था। हमने उसे काफ़ी महीनों से नहीं देखा है। अब हमारा पंप टूट गया है। हमारे गाँव की लड़कियों ने स्कूल जाना छोड़ दिया है। बिना शिक्षा, बिना पानी - हमारे गाँव का क्या होगा?

बेला

इस कुएँ को ठीक करने की ज़रूरत है!

गाँव के बुज़ुर्ग

केलील, क्या आप हमारे कुएँ को ठीक कर सकते हो?

केलील

हमारी संसारी समस्याहारियों की टीम ज़रूर इस कुएँ को ठीक कर पाएगी!

क्रिसटीना

लेकिन हमें एक ऐसे हल की ज़रूरत है जिससे न केवल इस गाँव, बल्कि मलावी के सारे गाँवों को लाभ मिले।

बेला

जो बरसों तक टिके, जो आज भी, और आगे चल कर भी, कुओं के रख रखाव में काम आये।

केलील

मैं वादा करता हूँ कि हम कुछ ना कुछ सोच लेंगे। पर पहले इस गाँव के एक्सपर्ट्स से बात करते हैं।

एड्रियन

जिन किसानों से मैंने बात की, वो कहते हैं की इस साल कम बरसात और गाँव में सूखा होने के कारण, मलावी में अच्छे कुओं की ज़रूरत बहुत बढ़ गयी है। और हाँ, एक और बात - एक किसान ने बताया कि उसने पिछले दिन गाँव की लड़कियों को खाली बाल्टियां ले जाते हुए देखा।

सातोशी

मैने भी उस लापता टेक्नीशियन को ढूंढ निकाला। कहता है कि आजकल वह बहुत सारे कुओं की जांच में व्यस्त रहता है।

केलील

टीचर कहते हैं कि कई लड़कियाँ पूरे सप्ताह स्कूल भी नही गयीं। मुझे चिंता हो रही है।

माया

देखती हूँ मैं क्या कर सकती हूँ, केलील। एड्रियन ने एयरशिप के कैमरों में एक ऐप लगाया है जिससे हम किसी भी प्रकार की गतिविधि देख पाएँगे।

माया

मुझे तुम्हारे गाँव की कुछ लड़कियाँ दिख रहीं हैं! वह खेतों की बाएं तरफ़ चल रही हैं।

केलील

आप लड़कियाँ स्कूल में क्यों नहीं हैं?

लड़की 1

आप जानते हैं कि गाँव में पानी लाने की ज़िम्मेदारी लड़कियों पर पड़ती है। जब गाँव का कुआँ टूटा है, तो हमें दूर के कुएँ तक चलकर पानी लाना पड़ता है।

लड़की 2

और हमारे पास जेटपैक कहाँ? चलने में पूरा दिन निकल जाता है।

केलील

उन लड़कियों की जगह स्कूल में है, सड़क पर पानी ढोते हुए नहीं।

माया

मुझे पता है, केलील। हमने इस समस्या को पहचान कर, लोकल एक्सपर्ट्स से भी बात की।

एड्रियन

अब हम क्या करें, माया?

माया

अब हमारे लक्ष्य को पूरा करने का वक़्त आ गया है! हम समाधान की रचना करेंगे।

शीर्षक: जारी रहेगा...

एपिसोड 1.3
समाधान

माया

संसारी समस्याहारी, यह हमारी प्रयोगशाला है। यहाँ हम दुनिया की मुसीबतों का हल ढूढेंगे।

शीर्षक: संसारी समस्याहारी, एपिसोड 1.3: समाधान

सातोशी

वाह, यह कितना मस्त है! पहले मैं वीडियो गेम खेलूँगा।

माया

यह वीडियो गेम नहीं है, सातोशी। यह कंसोल एयरशिप के वीडियो फीड से जुडता है। इससे हम अपने पिछले अनुभवों का इस्तेमाल नयी मुश्किलों को सुलझाने के लिए कर सकते हैं, जैसे मलावी के टूटे हुए कुओं को ठीक करना।

सातोशी

ठीक है। फिर भी - कंट्रोलर तो मुझे ही मिलेगा।

माया

(स्मरण) दुनिया की समस्याओं को सुलझाना।

क्रिसटीना

हमें इस समस्या को व्यापारी की नज़र से देखना चाहिए।

(स्मरण) आपको पता है? लोकल संगीत ग्राहकों को आकर्षित करता है।

किसी भी व्यापार को चलाने के लिए माँग की आवश्यकता होती है।

(स्मरण) मैंने आपके लिए इस पूरे महीने के गायक और बैंड तय कर लिए हैं, और अब पूरी सोशल मीडिया में इसकी चर्चा हो रही है।

केलील

मलावी के लोगों की माँग बहुत साधारण है, क्रिस्टीना: साफ पीने का पानी।

एड्रियन

गाँव वालों ने मुझसे कहा कि कम बारिश के कारण यह माँग और बढ़ रही है। क्यों ना हम एक प्रकार का उपकरण बनायें: एक ऐसा सैन्सर जो मलावी के किसी भी कुएँ के टूट जाने पर हमें सूचित करे।

बेला

क्या बात है एड्रियन! अगर तुम उन सैन्सरों को एक नेटवर्क से जोड़ दो, तो तुम किसी एक केंद्रीय स्थान से उन टूटे कुओं को मॉनिटर कर पाओगे।

सातोशी

और उसी केंद्रीय स्थान से, तुम सबसे करीबी टेक्नीशियन को कुआँ ठीक करने भेज सकते हो! वह टेक्नीशियन, जिनसे मेरी मलावी में बात हुई थी, इस तरह आराम से टूटे कुओं तक पहुँच पाएँगे।

केलील

दोस्तों, मलावी में 28 ज़िले और 25,000 कुएँ हैं। क्या हम उनमें से आधे कुओं में भी सैन्सर लगा पाएँगे?

माया

जल्दबाज़ी मत करो, केलील। मुझे लगता है कि हमें अपने समाधान के हिस्से तो मिल गये हैं। चलो, मलावी लौटकर इन हिस्सों को साथ जोड़ते हैं। फिर हम टैस्ट करेंगे कि हमारा हल सफल हुआ या नहीं। संसारी समस्याहारी, चलो चले!

एड्रियन

मैने सैन्सर लग गया है। बेला, नेटवर्क कैसे चल रहा है?

बेला

मैंने तुम्हारे सैन्सर को डिश और कनवर्टर से जोड़ दिया है। मैं सिगनल का टैस्ट करने के लिए तैयार हूं, लेकिन मेरे लैपटॉप की बैटरी ख़तम होने वाली है। मैं घंटों से तकनीकी समस्याओं को सुलझा रही हूँ, लेकिन यह मेरे हाथ नहीं आता।

लड़का

अरे...दीदी?

बेला

सातोशी, क्या तुम्हे और टेक्नीशियन को कुएँ के सैन्सर से मेरा सिगनल मिला?

सातोशी

हमें तुम्हारा सिगनल मिल गया। हम अब कुएँ को ढूँढने की कोशिश कर रहे हैं। मगर मलावी की सड़कों पर गाड़ी चलाना कोई आसान काम नहीं।

जी.पी.ऐस.

आप अपनी मंज़िल पहुँच गये है।

सातोशी

लगता है यही जगह है!

क्रिसटीना

मलावी में हमारी टीम ने छह कुओं में सैन्सर लगाए हैं। अब हमें पता चल रहा हैं की इनमें से कुछ कुओं को जांच करने की ज़रुरत हैं।

केलील

वे छह सैन्सर अब एक नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। फिलहाल, वे इस एयरशिप तक सिगनल भेजेंगे। बाद में वह उस विभाग में सिगनल भेजेंगे जो टेक्नीशियनों को कुओं पर भेज पाए।

माया

सैन्सर और नेटवर्क को चालू करके पता करते हैं कि हमारा हल सफल हुआ या नहीं! चलो, शुरू करके देखें!

केलील

यह काम कर रहा है!

क्रिसटीना

रुको, कुछ गड़बड़ हैं।

शीर्षक: जारी रहेगा...

एपिसोड 1.4
टेक्नोलॉजी

केलील

जानते हो कि मलावी झील में सिकलिड नामक मीठे जल की मछली की सात सौ प्रजातियां पायी जाती हैं। बचपन में यहाँ तैरने की बहुत सी यादें हैं।

बेला

मलावी की झील खूबसूरत तो है, लेकिन यहाँ हमारे नेटवर्क की फ्रीक्वेंसी अजीब तरीके से गुम हो जाती है। हम अपने कुएँ के सैन्सर के साथ कनेक्शन खो रहे हैं। हमें इसकी जाँच करनी पड़ेगी।

शीर्षक: संसारी समस्याहारी एपिसोड 1.4: टेक्नोलॉजी

क्रिसटीना

केलील, मलावी में पानी की कमी होते हुए, लोग इस झील से पानी क्यों नहीं पीते?

केलील

लोग झील से काफ़ी ऊंचाई पर रहते हैं। वहाँ से अपने गावों तक पानी पंप करना बहुत महंगा पड़ता है। अफ़सोस, कि मलावी में बिजली और पानी दोनो की ही कमी है।

बेला

मेरे ख़याल से मैने नेटवर्क को ठीक कर दिया है। माया, क्या तुम फिरसे टैस्ट करोगी?

माया

बिल्कुल, बेला। अब कुएँ के सैन्सर से सिगनल हम तक आराम से पहुँच रहा है। लेकिन लगता है एक सैन्सर ग़लत जगह में है। एड्रियन, क्या कोई मुश्किल है?

एड्रियन

ऐसा लग तो रहा है।

माया

एड्रियन क्या तुम... लैंडलाइन से फोन कर रहे हो?

एड्रियन

हां, मैं मलावी में एक क्षेत्रीय जल विभाग में हूँ। कुएँ के सैन्सर का परीक्षण करने के लिए, हमने बाकी कागज़ी कार्यवाही तो पूरी कर दी थी, लेकिन हम फ़ॉर्म संख्या 273बी को भूल गये। इसी फ़ॉर्म से हमें कुएँ में सैन्सर स्थापित करने की अनुमति मिलेगी।

शीर्षक: फ़ॉर्म 273बी

माया

एड्रियन, तुम यह कैसे भूल गये?

एड्रियन

मेरा टेक्नोलॉजी पर इतना ध्यान था, कि मैं भूल ही गया कि उसे मलावी में चलाने के लिए क्या-क्या ज़रूरी है। मुझे जाना चाहिए। अच्छी खबर यह है कि यह सैन्सर कुँए को ठीक करने का सिगनल भेज रहा होगा। सिगनल पहुँचा?

माया

मुझे देखने दो कि सिगनल पहुँचा या नहीं। सातोशी?

सातोशी

हाँ, मुझे सिगनल मिल गया। लेकिन अब कुएँ के टेक्नीशियन जाना नहीं चाहते।

माया

क्या? पर क्यों नहीं?

सातोशी

वे हमारे कुओं के सैन्सर का उपयोग करने के लिये ट्रेनिंग चाहते हैं। उन्हे विश्वास दिलाना पड़ेगा कि सैन्सर उनकी नौकरी नहीं छीन लेंगे, बल्कि उनकी ज़िंदगी आसान बनाएँगे। इनमें से कुछ जानना चाहते हैं कि क्या वे कुओं में सैन्सर खुद लगा सकते हैं।

माया

देखो, मलावी में 25,000 कुएँ होते हुए, हमें कई और टेक्नीशियनों की ज़रूरत पड़ेगी। बेला, लगता है कि अगला टैस्ट करने से पहले, कुछ और चीज़ों को निपटाना पड़ेगा।

बेला

लगता है अभी भी कई मुश्किलें बाकी हैं, केलील।

केलील

संसारी समस्याहारी एक टीम के रूप में काम कर तो रहे हैं, लेकिन हम आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। क्या हम मेरे देश में बदलाव ला पाएँगे? हमारे समाधान को सफ़ल करने के पीछे क्या उपाय है? अरे हाँ! हमें पूरे मलावी देश की आवश्यकता है! और भी तो संसारी समस्याहारी होंगे। दोस्तों, मेरे पास एक उपाय है!

शीर्षक: जारी रहेगा...

एपिसोड 1.5
व्यापार योजना

आइवी

हेल्लो दर्शकों। मेरा नाम है आइवी स्टॉर्म कैचर ।

शीर्षक: कैन्सस, अमरीका

आइवी

आज के वीडियो में, मैं आपको अपना तूफ़ान बनाना सिखाऊंगी। सबसे पहले, पानी की एक बोतल लीजिए। फिर, उसमे थोड़ा साबुन डालिए। आगे, चमकी की एक-दो चुटकियाँ डालिए। बोतल को उल्टा करके ज़ोर से हिलाइये। पल मे तूफान! बढ़िया, है ना?

बेला

तुम उसे सच में जानती हो?

क्रिसटीना

वह आइवी है। वह एक विदेशी छात्रा थी, जो ब्राज़ील में मेरे परिवार के साथ रहती थी। उसे मौसम विज्ञान में बहुत दिलचस्पी है। उसका शो इंटरनेट पर तहलका मचा रहा है।

एड्रियन

सवाल यह है कि क्या वह इस तूफान से गुज़रने का तरीका निकाल पाएगी?

क्रिसटीना

वह कहेगी कि तूफ़ान से गुज़रने के लिए एक अच्छी योजना बहुत ज़रूरी है।

शीर्षक: संसारी समस्याहारी एपिसोड 1.5: व्यापार योजना

केलील

दोस्तों, याद है जब मैं मलावी की झील में तैर रहा था? मुझे एहसास हुआ कि सफ़ल होने के लिए, हमें मलावी के लोगों को अपने समाधान में शामिल करना होगा।

माया

ठीक कहा तुमने केलील। मलावी के लोगों से बेहतर कौन जाने कि वहां काम कैसे चलता है?

क्रिसटीना

चलो, एक व्यापार योजना बनाएं। हमें यह तय करना होगा कि कैसे मलावी के लोग कुओं के सैन्सर बना और बेच सकते हैं, और उनका रख रखाव भी कर सकते हैं...

केलील

... और जो हमारे जाने के बाद भी जारी रहे।

क्रिसटीना

हमे इस व्यापार योजना को अपने कुएँ के सैन्सर वाली परियोजना में उत्साह पैदा करने और निवेश ढूंढने के लिए इस्तमाल करना चाहिए।

सातोशी

तुम जानते हो, मैने टोक्यो के एक बच्चों के भोजनालय में खाने की मात्रा पर नज़र रखने के लिए सैन्सर लगाये थे। मलावी में एक कंपनी है जो ऐसे ही सैन्सर बनाती है। उसका नाम है चेंबे टेक्नोलॉजी । चलो, उनके कारखाने चलें। शायद वे कुएँ के सैन्सर में निवेश करने को तैयार हों।

माया

फिर तो जल्दी निकलो, क्योंकि मलावी में बरसात का मौसम है, और लगता है कि तूफ़ान आने वाला है।

चेंबे मालिक

आपकी व्यापार योजना तो अच्छी है। लेकिन मेरी कंपनी तापमान और भोजन की मात्रा पर नज़र रखने के लिए सैन्सर बनाती है। हमारे पास और उत्पादों में निवेश करने के लिये धन नहीं है।

केलील

मलावी में एक कहावत है: बुद्धिमान धीमे चलकर तेज़ी से प्रगती करते हैं।

चेंबे मालिक

मेरे दादा भी हमेशा मुझसे यही कहते थे। बहुत खूब बोला आपने।

सातोशी

सबसे बढ़िया निवेश तो आपका कारखाना है। भोजन मात्रा सैन्सर के अलावा आप कुएँ के सैन्सर भी बना सकते हैं।

चेंबे मालिक

मेरे पास इसके लिए मज़दूर और यंत्र तो पहले से ही तैयार हैं।

सातोशी

मलावी में 25,000 कुओं को इन सैन्सरो की ज़रूरत है। उनको बेचकर हम जितना भी पैसा बनाएँ, उसका एक हिस्सा आपका।

केलील

साफ पीने लायक पानी को उपलब्ध कराकर आप मलावी की मदद भी करेंगे।

चेंबे मालिक

मलावी में एक और कहावत है: सबसे अच्छे उपाय अतिथि ही देते है। मैं तैयार हूँ!

केलील

हाँ?

माया

केलील, तूफान आने वाला है! कारखाने के बाहर झील पर एक बवंडर बनने को आया है।

क्रिसटीना

मेरी दोस्त आइवी को पता होगा कि हमें क्या करना चाहिए! वह मौसम विशेषज्ञ है। मैं उसे बवंडर का एक वीडियो भेज रही हूँ।

आइवी

हाँ क्रिस्टीना, मुझे सब दिख रहा है। लेकिन यह कोई बवंडर नहीं। मलावी में इसे नकुंगो कहते हैं। यह मक्खियों का एक झुंड है!

क्रिसटीना

मक्खियों का?

आइवी

हाँ! मलावी में बरसात के मौसम के दौरान, मक्खी के डिंब पैदा होते हैं। फिर वही मक्खियाँ झील के ऊपर ऐसा झुंड बनाती हैं। मालावी के कुछ लोग मक्खियों को पकड़के, उनकी टिक्कियाँ बनाते हैं।

क्रिसटीना

मक्खी की टिक्कियाँ?!

चेंबे मालिक

तय हो चुका है: चेंबे टेक्नोलॉजी मलावी के कुओं के लिए सैन्सर का निर्माण करेगी। चलो जश्न मनाएं!

माया

हमें उसे बता देना चाहिए?

क्रिसटीना

नहीं, उसे पहले थोड़ा स्वाद तो लेने दो।

शीर्षक: जारी रहेगा...

एपिसोड 1.6
परीक्षण और सुधार

शीर्षक: मलावी पॉलिटेक्निक

एड्रियन

क्या तुमने वह रिकॉर्ड किया?

बेला

हाँ, किया! अब अंदर कुछ टैलेंट खोजने का समय है। क्या तुम कुछ और मिनट इंतजार नहीं कर सकते थे? मुझे बरसात बिल्कुल नापसंद है।

शीर्षक: संसारी समस्याहारी एपिसोड 1.6: परीक्षण और सुधार

एड्रियन

बेला, तुम्हे वह सुनाई दे रहा है?

मेसी

वायरलेस सैन्सर नेटवर्कों के लिए परतदार तरीका अब कारगर नहीं रहा है।

छात्र

ऐसा क्यों, मेसी?

मेसी

परतें जानकारी को बाँट नहीं पाती। इस लिए इसके पूरे फायदे की गारंटी नहीं मिल सकती...अम्म, क्या मैं आपकी मदद कर सकती हूँ?

एड्रियन

बीच में कूदने की माफ़ी! हम बेहतरीन टैलेंट की भर्ती करने के मिशन पर हैं।

बेला

हमने अपना वायरलेस सैन्सर नेटवर्क बनाया है जो कुएँ की जांच की ज़रुरत पड़ने पर टेक्नीशियनों को खुद सूचित करता हैं।

मेसी

वाह, क्या बात है! मैं जिस गाँव से हूँ, वहाँ एक कुएँ का पंप है जो हमेशा टूटता रहता है। हमें भी ऐसे हल की ज़रूरत है।

एड्रियन

अब उस हल को तुम्हारी ज़रूरत है! हमने समाधान का निर्माण किया, और उसका परीक्षण किया... अब हमें लोकल लोगों की एक टीम की आवश्यकता है जो उसका फिर टैस्ट करे, और उसे सुधार पाए।

माया

एड्रियन हमें तुम्हारी मदद चाहिए। हमें अपने नेटवर्क के टूटे हुए कुओं से सिगनल मिल तो रहे हैं। लेकिन, जब टेक्नीशियन पहुँचते हैं, तो कुछ कुएँ बाढ़ के पानी से भरे पड़े रहते हैं। अगर टेक्नीशियन भरे हुए कुओं को ठीक कर भी दें, तो भी गाँववाले उन तक पहुँच नहीं पाएँगे। टेक्नीशियनों को पानी से भरे हुए कुओं पर भेजकर हम उनका वक्त बर्बाद कर रहे हैं। क्या करें हम?

मेसी

हमें तुम्हारी मदद करने दो, एड्रियन। इस विश्वविद्यालय का जल प्रबंधन विभाग बेहतरीन है। चलो, प्रयोगशाला में चलकर देखें कि कुएँ में बाढ़ आने पर हम चेतावनी भेजने के लिए सैन्सर को सुधार सकते हैं या नहीं।

एड्रियन

हम ठीक तुम्हारे पीछे हैं, मेसी। मुझे लगता है यह हमारी टीम के लिए बहुत खूब रहेगी।

मेसी

हमने बरसात के मौसम के लिए आपके कुएँ के सैन्सर को ठीक कर दिया है। जब कुआँ पानी से कुछ ज़्यादा ही भर जाए, तो सैन्सर एक नया सिगनल भेजेगा। यह हमें बताएगा कि उस कुएँ की मरम्मत करने के लिए थोड़ा इंतजार करना चाहिए।

बेला

फिर टेक्नीशियन उन कुओं पर ध्यान दे पाएंगे जहाँ उनकी सबसे ज़्यादा ज़रुरत है, यानि वो कुँए जिन तक लोग पहुँच पाएं।

एड्रियन

हेल्लो, माया? हमने सैन्सर को सुधार दिया, अह, मेरा मतलब है, हमारी नयी दोस्त मेसी और उसकी टीम ने सैन्सर को सुधार दिया। उनका हल काफ़ी अच्छा है।

माया

बढ़िया। चलो उन सैन्सरों को बाढ़ के निकट कुओं में फ़ौरन लगाएं।

एड्रियन

बिल्कुल माया। अभी लो!

बेला

पता है, हमारे कुएँ के सैन्सर के प्रभाव को माप पाना बहुत अच्छा होगा।

मेसी

क्या तुमने आस-पास के इलाकों में जाकर पता लगाने के बारे में सोचा है?

एड्रियन

हेल्लो, माया? मैं फिर एड्रियन बोल रहा हूँ। मेसी ने और एक बढ़िया उपाय सोच निकाला!

शीर्षक: जारी रहेगा...

एपिसोड 1.7
सामाजिक व्यवसाय का जन्म

शीर्षक: नमस्ते मलावी

रिपोर्टर

नमस्ते मलावी में आपका स्वागत है। आज मैं अफ्रीका के ऊपर बादलों की उचाईयों में, संसारी समस्याहारी मुख्यालय से रिपोर्ट कर रहा हूँ। मैं उनकी टीम की नायिका माया के साथ बात कर रहा हूँ। मुझे बताईये, आपने क्या-क्या किया है।

माया

मैने दुनिया के हर कोने से ऐसे युवाओं को इकट्ठा किया जिनमे दुनिया की समस्याओं को सुलझाने के लिए– खास हुनर हैं। टीम ने मलावी में साफ पानी की जरूरत पर ध्यान दिया। पहले, हमने लोकल एक्सपर्ट्स के साथ समस्या पर बात-चीत की। फिर हमने एक समाधान का निर्माण किया: एक सैन्सर जो कुएँ के टूट जाने पर एक सिगनल भेजे। हमने निवेश को ढूँढने के लिए एक व्यापार-योजना बनाई, और सैन्सर का बार-बार परीक्षण करके उसे सुधारा। अब हम अपने सैन्सर के प्रभाव को मापने की योजना बना रहे हैं।

रिपोर्टर

आप इस प्रकार की परियोजना को क्या नाम देते हैं?

माया

यह एक सामाजिक व्यवसाय है। ऐसा व्यापार जो सामाजिक समस्या का हल करने के लिए बनाया गया हो।

रिपोर्टर

जी हाँ, दर्शकों: एक सामाजिक व्यवसाय। हम नतीजा देखने के लिए उत्साहित हैं! लेकिन पहले, हमारे प्रायोजक से दो शब्द...

शीर्षक: संसारी समस्याहारी एपिसोड 1.7: सामाजिक व्यवसाय का जन्म

केलील

माया! हमारे कुएँ के सैन्सर की बदौलत, कक्षा भरी पड़ी है। किसी लड़की को स्कूल छोड़ कर साफ़ पानी लाने की ज़रुरत नहीं रही।

अध्यापक

हां जी, वहाँ पीछे! आप चुप रह सकते हैं?

एड्रियन

यह तीसरा ज़िला अस्पताल है जहाँ मैने पता लगाया है। कुएँ के सैन्सर की स्थापना के दिन से, निर्जलीकरण के मामलों में महत्वपूर्ण घटाव हुआ है! बाप रे। अस्पताल से बचने के लिए, मुझे सावधान रहना चाहिए।

बेला

मिठाइयाँ बनाने के लिए दुकान में बहुत सा साफ़ पानी है।

क्रिसटीना

हमें उनकी मिठाइयाँ चखनी चाहिए। तभी हम अपनी तकनीक का प्रभाव सही तरह जान पाएँगे!

माया

जो डाटा हमने इकट्ठा किया है उससे पता चलता है कि हमारे कुएँ के सैन्सर लोकल विद्यालयों, अस्पतालों और व्यवसायों को बहुत लाभ पहुँचा रहे हैं।

सातोशी

अब हमें मलावी भर के गाँवों के लोगों तक बात पहुँचानी चाहिए।

केलील

मेरी अगोगो को आज कितना गर्व होता।

सातोशी

अगोगो?

केलील

यह मलावी शब्द है "दादी" के लिए। उन्हें खुशी होती देखकर कि इस समाधान से हमारे लोगों का कितना लाभ होगा।

माया

क्या हुआ मेसी? सैन्सर में कुछ गड़बड़ है? हम अभी आए! मेसी कहती है कि हमारी झील पर सख़्त ज़रूरत है! संसारी समस्याहारी, चलो चलें!

शीर्षक: मलावी झील

मेसी

सितारों की झील में आपका स्वागत है। यह मलावी का सबसे बड़ा संगीत-उत्सव है। मैंने सोचा कि आपके कुएँ के सैन्सर के बारे में जानकारी फैलाने का यह एक शानदार तरीका होगा। संसारी समस्याहारियों ने हमारे टूटे हुए कुओं की मरम्मत की। उन्होंने हमारे लोगों के लिए पीने-लायक पानी प्रदान किया। हम संसारी समस्याहारियों को मलावी के सबसे उच्च-सम्मान राष्ट्रीय उपलब्धि मेडल से सम्मानित करना चाहते हैं।

केलील

वह मेरी अगोगो - मेरी दादी हैं!

बुज़ुर्ग औरत

माया, एड्रियन, बेला, सातोशी, क्रिस्टीना, केलील। मेरे बच्चे, तुमने कहा था कि तुम्हारे हल से, सिर्फ एक नहीं, बल्कि मलावी के सारे कुओं की समस्या हल होनी चाहिए। और बिलकुल यही करेगा तुम्हारा हल। ओहो केलील, मलावी में तुम्हारे आँसू बिना अब काफ़ी पानी है! चलो, नाचे-गाएँ!

शीर्षक: कुछ देर बाद...

माया

जी हां, मैं माया बोल रही हूँ। यह बहुत बुरी खबर है! आप कहां हो? युनायटिड स्टेटस में? हमारा काम कभी ख़त्म नहीं होता। संसारी समस्याहारी, चलो चलें!

शीर्षक: जारी रहेगा...

Americas Headquarters
Cisco Systems, Inc.
San Jose, CA

Asia Pacific Headquarters
Cisco Systems (USA) Pte. Ltd.
Singapore

Europe Headquarters
Cisco Systems International BV Amsterdam,
The Netherlands

Cisco has more than 200 offices worldwide. Addresses, phone numbers, and fax numbers are listed on the Cisco Website at **www.cisco.com/go/offices.**

Cisco and the Cisco logo are trademarks or registered trademarks of Cisco and/or its affiliates in the U.S. and other countries. To view a list of Cisco trademarks, go to this URL: www.cisco.com/go/trademarks. Third party trademarks mentioned are the property of their respective owners. The use of the word partner does not imply a partnership relationship between Cisco and any other company. (1110R)